नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

# हिंदी विश्वविद्यालय में एक भारत श्रेष्ठ भारत योजना के अंतर्गत विद्यार्थी अंतरण कार्यक्रम का उदघाटन सोमवार को

## केंद्रीय विश्वविद्यालय, कोरापुट के विद्यार्थियों का आगमन

## 23 जनवरी को होगा फूड फेस्टिवल

वर्धा, दि. 19 जनवरी 2019 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में एक भारत श्रेष्ठ भारत योजना के अंतर्गत संचालित विद्यार्थी अंतरण (अदला-बदली) कार्यक्रम का उदघाटन सोमवार,20 जनवरी को प्रात: 10 बजे तुलसी भवन स्थित गालिब सभागार में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.रजनीश कुमार शुक्ल के




कर कमलों द्वारा किया जा रहा है। एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत केंद्रीय विश्वविद्यालय, कोरापुट, ओडिशा के विद्यार्थियों का आगमन रविवार को सुबह विश्वविद्यालय में हुआ है। उनका स्वागत विश्वविद्यालय की ओर से फादर कामिल बुल्के अंतरराष्ट्रीय छात्रावास परिसर में किया गया। विद्यार्थी अंतरण कार्यक्रम के अंतर्गत 20 से 24 जनवरी के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन विश्वविद्यालय में किया जाएगा जिसमें 20 जनवरी को सुबह 10 बजे स्वागत परिचय एवं कार्यशाला का आयोजन गालिब सभागार में किया गया है। ओडिशा से आए 54 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को महाराष्ट्र राज्य की भाषा, नृत्य,संगीत, तीज त्योहार,

वेशभूषा, खान-पान आदि से परिचय कराने के संबंध में विभिन्न कार्यक्रम कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी उपलक्ष्य में 23 जनवरी को समता भवन के प्रांगण में फूड फेस्टिवल का आयोजन होगा जिसमें महाराष्ट्र की खाद्य संस्कृति का परिचय कराया जाएगा।

21 जनवरी को कस्तूरबा सभागार में भाषण, वाद-प्रतिवाद, कविता, सृजनात्मक लेखन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ प्रश्न मंजुषा, जिसमें वेषभूषा, नृत्यसंगीत, स्थापत्य,




कला, भाषा, पर्यटन स्थल, प्रसिद्धस्थान, उपज, व्यक्ति, साहित्य आदि के परिचय का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 3 बजे गालिब सभागार में फिल्म एवं थिएटर विभाग द्वारा डॉक्यूमेंट्री, नाटक प्रदर्शन तथा शिवाजी और जाणता राजा फिल्म का प्रदर्शन किया जाएगा। 22 जनवरी को तामसवाडा गांव का भ्रमण होगा जिसमें विद्यार्थियों को ग्रामीण संस्कृति से रूबरू किया जाएगा। दोपहर बाद एमगिरी, मगन संग्रहालय और वर्धा के मुख्य बाजार का भ्रमण कराया जाएगा। 23 जनवरी को विनोबा भावे आश्रम, बापूकुटी, नई तालीम, लक्ष्मी नारायण मंदिर, गीताई मंदिर, ग्रामोपयोगी विज्ञान केंद्र आदि महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक स्थलों पर ले जाया जाएगा। 24 जनवरी को गालिब सभागार में अनुभव का आदान-प्रदान तथा 4.00 बजे समापन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।